## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 को

छिन्दवाड़ा। मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर के पत्र 14 अगस्त 2025 के अनुसार 13 सितंबर 2025 शनिवार को विद्युत अधिनियम, 2003 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये जिले के छिन्दवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, जुन्नारदेव विद्युत न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। म.प्र.शासन उर्जा विभाग के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के अंतर्गत लिटिगेशन /प्री-लिटिगेशन के लंबित निम्नदाब श्रेणी के सभी घरेलू, सभी कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं के विशेष न्यायालय में दर्ज एवं प्री-लिटीगेशन के प्रकरणों में छूट प्रदान करने के प्रावधान किये गये है।

## राजा, महाराजा और बादशाह के दर्शन के लिए उमड़ा भक्तों का जनसैलाब



## जिले में अभी तक 889.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

छिन्दवाड़ा। जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 889.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1101.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिला 08 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 8.81 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 08 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 0.5, तामिया में 50, अमरवाड़ा में 01, चौरई में 01, हर्रई में 33, बिछुआ में 07, जुन्नारदेव में 0.8 और उमरेठ में 3.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 754.5, मोहखेड़ 878.3, तामिया में 1029.2, अमरवाड़ा में 860.2, चौरई में 839.4, हर्रई में 1229.9, बिछुआ में 855.9, परासिया में 677, जुन्नारदेव में 892.6, चांद में 919.5 और उमरेठ में 819.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### वन्य प्राणियों के शिकारियों पर सतत निगरानी रखना है उद्देश्य

# बफर जोन एवं उपवन मंडल की संयुक्त गश्ती के बाद भी जंगल से निकल रहे हैं रेत के वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

प्राप्त जानकारी के अनुसार टाइगर रिजर्व मढ़ई क्षेत्र के पास चुरनी के जंगल में एक महा पूर्व बाघों के शिकार किए जाने की चर्चा है। ऐसी चर्चा टाइगर रिजर्व से लगे बफर जोन क्षेत्र के लोगों में व्याप्त है। वन्य प्राणियों का शिकार ना हो सके इसके लिए टाइगर रिजर्व से लगे बफर जोन एवं उससे लगे वन क्षेत्र के जंगलों में संयुक्त गस्ती तामिया उपवन मंडल एवं बफर जोन के वन अधिकारी कर्मचारी संयुक्त गश्ती शिकारी पर नजर रखने के लिए कर रहे हैं कि किसी भी प्रकार से वन्य प्राणी का शिकार ना हो। लेकिन इस संयुक्त गश्ती पर सवाल खड़े होने लगे हैं कि तामिया, देलाखारी, झिरपा के जंगलों में वहने वाली नदियों से हर रात रेत का अवैध उत्खनन लगातार हो रहा है। इनमें उपवन मंडल की रेंजों के सर्कल के अंतर्गत आने वाली नदी नालों से वन भूमि में रात भर ट्रैक्टर रेत की चोरी कर अल सुबह निकल रहे हैं। लेकिन वन विभाग के नाकेदारों को अपनी ही बीट में हो रहे इस अवैध उत्खनन की जानकारी क्यों नहीं है यह लोगों के समझ से परे है या फिर वे इन रेत चोरों के संरक्षण दाता बने हुए है। यही आलम तामिया रेंज की कुआं बादला सर्किल, देलाखारी रेंज की सीता डोंगरी के अलावा कोहपानी, देलाखारी रेंज की कपूर नाला, बम्हनी, की नदियों से रेत निकाल कर जंगल के रास्ते रात भर रेत के वाहन निकल रहे हैं। इस पर भी कार्रवाई नहीं होना यहां के मैदानी अमले पर सवाल खड़े करता है, वहीं वन कर्मी राजस्व की नदी बतला कर पल्ला झाड़ अपना बचाव करते नजर आ रहे हैं लेकिन वह इस बात से अनजान बने बैठे हैं कि यह रास्ता वन अधिनियम के तहत रात में अनावश्यक रूप से व्यावसायिक वाहनों के लिए प्रतिबंधित है क्योंकि वन विभाग ने अपनी भूमि केवल सड़क बनाने दी है। ऐसा ही आलम झिरपा रेंज के अंतर्गत बहने वाली दूधी नदी एवं छोटे नालों में भी जंगल के रास्ते रेत निकलने की खबरें आम है। ऐसी स्थिति में यदि रेत चोरी के बहाने शिकारी वन्य प्राणी के ठिकाने के पता शिकार के उद्देश्य कर लें तो वन प्राणी का शिकार होना निश्चित है।



इसलिए हर हाल में अनावश्यक वाहनों को जंगल के रास्ते एवं जंगल में जाने रोक लगानी होगी जिससे जंगल को प्रकृति द्वारा दिए पौधे रेत के वाहनों से नष्ट ना हो और रेत का अवैध उत्खनन भी बंद हो। जिस कारण शिकार करने वाले इस क्षेत्र में आसानी से ना पहुंच सके। इसके लिए तामिया उप वन मंडल के मैदानी अमले को सर्तक रहने की वर्तमान में जरूरत है।

## अस्पताल में दुर्लभ इंसीज़नल व स्पिजेलियन हर्निया की सर्जरी सफल

छिंदवाड़ा। जिला अस्पताल में जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर चिकित्सा टीम ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। 47 वर्षीय पुरुष मरीज, जिसे पिछले तीन वर्षों से आंशिक रूप से घटने वाला पेट की दीवार का सूजन (अब्डॉमिनल वॉल स्वेलिंग) की समस्या थी और चार वर्ष पूर्व अपेंडिक्स फटने पर उसका ओपन अपेंडेक्टॉमी ऑपरेशन हुआ था, उसे इंसीज़नल हर्निया व स्पिजेलियन हर्निया का निदान किया गया। चिकित्सकों के अनुसार, पोस्ट-अपेंडेक्टॉमी इंसीज़नल हर्निया एक दुर्लभ स्थिति है जिसकी घटनादर केवल 0.12 प्रतिशत होती है। इस चुनौतीपूर्ण केस में मरीज का हर्नियोप्लास्टी ऑपरेशन दिनांक 4 सितम्बर 2025 को प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक किया गया। इस जटिल सर्जरी को सर्जन डॉ. संदीप ठाकरे एवं डॉ. विनीत मंद्राहा ने अंजाम दिया।

### दो महत्वपूर्ण लंबित प्रकरणों की हुई विशेष समीक्षा

## प्रकरणों को लंबित रहने के लिए जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों पर होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

जिला स्तरीय समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम, जो कि मुख्यमंत्री समाधान ऑनलाइन की तर्ज पर जिले में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की पहल से शुरू किया गया है, प्रत्येक माह में दो बार सोमवार को आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में आज आयोजित 'जिला स्तरीय समाधान ऑनलाइन' में चयनित दो गंभीर और लंबे समय से लंबित प्रकरणों की विशेष समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान संबंधित हितग्राही भी ब्लॉक मुख्यालय से संबंधित अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से शामिल थे, जिनसे कलेक्टर श्री सिंह ने सीधे संवाद कर फीडबैक लिया।

पहला प्रकरण जून्नारदेव ब्लॉक के ग्राम इकलहरा की स्व. श्रीमती सोमती भलावी के परिजन को अंत्येष्टि सहायता राशि न मिलने से संबंधित था। शिकायत की समीक्षा के दौरान स्पष्ट हुआ कि समाधान में चयनित होने के बाद राशि का भुगतान हो चुका है, किंतु इसमें काफी देरी हुई। इस देरी को गंभीर मानते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित एडीओ को 7 माह से प्रकरण लंबित रखने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं सचिव की एक वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

दूसरा प्रकरण प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत बिछुआ ब्लॉक के ग्राम कान्हासागर की हितग्राही श्रीमती कामिनी साहू से जुड़ा था। उनका भुगतान लंबे समय से लंबित था। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रकरण हाल ही में नए पोर्टल पर स्थानांतरित हुआ है, जहां भुगतान की स्थिति पेंडिंग एट पीएफएमएस प्रदर्शित हो रही है।

## राशन दुकानें बंद, किसानों को नहीं मिलेगा खाद

### जिले में समितियों के 280 कर्मचारी बेमियाद हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

आज से पांढुर्णा जिले की 48 सहकारी समितियों की 280 कर्मचारी बेमियादी हडताल पर चले गए है। इस वजह से जिले भर की राशन दुकानें, सह. समितियों से किसानों को खाद वितरण तथा पीडीएस के सभी कार्य बंद हो चुके है। गरीबों को राशन कौन देगा ? बिना राशन लोग कैसे हलाकान रहेंगे ? और पहले से ही खाद के लिए परेशान किसानों की स्थिति कितनी दयनीय हो जाएगी इसकी सिर्फ कल्पना की जा सकती है।

सहकारिता कर्मचारी संघ जिला पांढुर्णा के अध्यक्ष मो. अश्फाक कुरैशी ने बताया कि समितियों के कर्मचारियों के हित में म.प्र. शासन द्वारा पहले से कई आदेश जारी हो चुके है लेकिन परिपालन के अभाव में हम लोग बहुत परेशान हो चुके है। बार बार ज्ञापन देने के बाद भी हमारी इन आदेशों पर अमल नहीं हो रहा है। इसलिए समितियों के कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हडताल पर जाने का निर्णय लिया है।शासन के पुराने आदेशों के मुताबिक 60 प्रतिशत कर्मचारियों का जिला बैंकों में चयन नहीं हुआ है। अक्तु. माह 2023 से प्रदेश के 34 जिले के विक्रेताओं का प्रति विक्रेता 54000 रू. का भुगतान शेष है, जिसे जल्द किया जाना चाहिए। बढा हुआ वेतन कुछ कर्मचारियों को नहीं मिल रहा है इस समस्या का तत्काल निराकरण किया जाना चाहिए। इन समस्याओं को लेकर प्रदेश शासन से वाजिब आदेश जारी कर दिए गए है लेकिन जिला प्रशासन द्वारा हिलाहवाली की जा रही है।

## सिकलसेल पीड़िता का ऑपरेशन और ईलाज निशुल्क करा रहे सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



नगरपालिका अमरवाड़ा के स्वच्छता पर्यवेक्षक वार्ड क्रमांक 4 के निवासी बसंत डागोरिया की पुत्री वैष्णवी डागोरिया सिकल सेल से गंभीर रूप से पीड़ित है, परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण ऑपरेशन करने में सक्षम नहीं थे ।

नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी द्वारा सांसद विवेक बंटी साहू से सिकलसेल पीड़ित बालिका के उपचार का निवेदन किया गया और सांसद जी द्वारा मानवीयता की मिसाल पेश करते हुए इस बालिका के ऑपरेशन और संपूर्ण इलाज की निशुल्क व्यवस्था की गई ।नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी ने बताया सिकल सेल पीड़ित बालिका का कल डॉक्टर नमन गोगिया द्वारा क्लेरिस हॉस्पिटल में ऑपरेशन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण व्यवस्था सांसद विवेक बंटी साहू जी के द्वारा की गई है । पीड़ित बालिका के पिता बसंत डागोरिया ने ऑपरेशन और निशुल्क इलाज की व्यवस्था किए जाने पर सांसद विवेक बंटी साहू और नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी का आभार व्यक्त किया है।

## स्कूलों की उपस्थिति कम होने पर कलेक्टर नाराज

### जिले में खाद की उपलब्धता की ली जानकारी, सभी उर्वरक पर्याप्त मात्रा में मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की।

उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

**सीएम कार्यालय व सीपीग्राम से जुड़ी शिकायतों की समीक्षा-** कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस एवं सीपीग्राम से संबंधित लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तीन दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें कि उन्होंने स्वयं इन शिकायतों की समीक्षा कर ली है।



### बच्चों की उपस्थिति कम होने पर जताई नाराजगी

स्कूल निरीक्षण की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि त्यौहारों के समय सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति कम पाई जा रही है। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी जताई और कहा कि निजी विद्यालयों में त्यौहार के पहले बच्चों की उपस्थिति प्रभावित नहीं होती, फिर शासकीय स्कूलों में यह स्थिति क्यों होती है? उन्होंने अधिकारियों को विशेष मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। निरीक्षण दिवस पर यदि विद्यार्थियों की उपस्थिति निराशाजनक मिले, तो अधिकारियों के प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी शिक्षकों का उस दिन का वेतन काटें। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे अतिथि शिक्षकों को तत्काल हटाया जाए जो अपने कर्तव्यों का भलीभांति निर्वहन नहीं कर रहे हैं और स्कूल में निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जा रहे हैं, उनकी जगह प्रतीक्षा सूची में शामिल शिक्षकों को अवसर दिया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने शासकीय विद्यालयों में स्थापित सोलर पैनलों की स्थिति की जानकारी अधिकारियों से ली। बताया गया कि इन्हें ग्रिड से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस प्रक्रिया को शीघ्र गति देकर लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए।

### विशाल ईनामी दंगल प्रतियोगिता का पिपरिया मानसिंह में हुआ समापन

# पिपरिया मानसिंग के दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

चौरई के ग्राम पिपरिया मानसिंह में भादो माह की पूर्णिमा याने 7 सितंबर 2025 दिन रविवार को विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट व इंदौर जिलों से पहलवानों ने आकर अपनी प्रतिभा दिखाई। मध्य प्रदेश के अलावा औरंगाबाद व पंजाब से आए पहलवानों ने कुश्ती को बेहद रोमांचक बना दिया।

स्थानीय पहलवानों ने बाहर से आए मेहमान पहलवानों को कड़ी टक्कर दी। कुश्ती के 4 राउंड चले जिसमें 200, 500, 1100 से लेकर 5000 तक की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। अंतिम राउंड में पंजाब से आए सौरभ पहलवान और औरंगाबाद से आए अमर पहलवान की कुश्ती ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। 2 मिनट की कुश्ती बेनतीजा रहने के बाद 5 मिनट का समय निर्धारित किया गया जिसमें पंजाब के सौरभ पहलवान ने जीत अपने नाम दर्ज की और शेर ए दंगल का खिताब हासिल किया।



इन पुरुस्कारों के अतिरिक्त आसपास के ग्राम से पधारे वरिष्ठ नागरिकों द्वारा खड़ी कुश्ती मारने पर हजारों की राशि का नगद पुरस्कार भी प्रदान किया। एक छोटे से ग्राम में इतना विशाल दंगल का आयोजन लोगो में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस कार्यक्रम का प्रारंभ पुलिस विभाग में सहायक निरीक्षक के पद पर पदस्थ पूर्व पहलवान और कबड्डी प्लेयर स्वर्गीय गुरु प्रसाद शर्मा द्वारा प्रारंभ किया गया था, उनके बाद अब समस्त ग्रामीण उनकी स्मृति में इस दंगल का आयोजन करते हैं। सभी कुश्तियां एक से बढ़कर एक रही।

आयुष पहलवान पिपरिया, रामफल -तुलप, शिवशंकर सिवनी, करण हथनी, देवा सिवनी, प्रदीप बीँझावाड़ा, शिवांशु बीँझावाड़ा, अनिल सिवनी, कमलजीत इंदौर, समीर छतरपुर, अमर औरंगाबाद, और सौरभ पंजाब ने अपने दाव पेंच और दम खम दिखाकर कुश्ती के मुकाबले में शमा बाँध दिया, जो रात्रि 8.30 बजे तक चला। कुश्ती में मुख्य रेफरी बालकराम पंचेश्वर, सहायक की भूमिका में अजीत मंसूरी, राहुल शर्मा एवं विनय शर्मा रहे। दंगल में चिकित्सा सुविधा के मद्देनजर गाँव की माटी में ही जन्मे व पले बढ़े सर्जन डॉ चंद्र शेखर दुबे जी का स्नेह प्राप्त हुआ।

शासकीय महाविद्यालय चौरई में वनस्पति शास्त्र विषय में पदस्त सहायक प्राध्यापक डॉ विकास शर्मा द्वारा अपने पिता स्वर्गीय गुरु प्रसाद शर्मा की स्मृति में शेर ए दंगल की शील्ड अंतिम राउंड के विजेता सौरभ पहलवान को प्रदान की गई।

## वीतराग भवन में मनाया गया क्षमावाणी महोत्सव



छिंदवाड़ा। नगर के वीतराग भवन में श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा क्षमावाणी महोत्सव मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जैन बंधुओं ने सम्मिलित होकर जाने अनजाने में हुए अपराधों के लिए एक दूसरों से क्षमा याचना की।कार्यक्रम का शुभारंभ अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित आदिनाथ दिगंबर जिनालय में क्षमावाणी पूजन से किया गया पश्चात वीतराग भवन में गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के सीडी प्रवचनों के साथ मुंबई से पधारे पंडित अश्विन भाई शाह के मंगल प्रवचनों का लाभ लेकर सकल समाज ने क्षमावाणी महोत्सव में हिस्सा लिया।जिसका शुभारंभ पंडित ऋषभ शास्त्री द्वारा मंगलाचरण से किया गया एवं फेडरेशन सचिव ने सभी से क्षमा याचना कर धर्म प्रभावना के लिए सम्माननीय मीडिया सहित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में पंडित अश्विन भाई शाह मुंबई, पंडित आर्जव गोधा जयपुर, राकेश भाई मुंबई, मंडल अध्यक्ष शांतिकुमार पाटनी सहित बाल ब्रह्मचारणी डॉक्टर आरती जैन, श्रीमती ऊषाकिरण जैन, श्रीमती वर्षा पाटनी ने अपने विचार रखे और जाने अनजाने में हुए अपराधों के लिए सभी से क्षमा याचना की।

## सेवा पखवाड़े पर कार्यशाला का आयोजन आज

छिंदवाड़ा। सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक धर्मेंद्र मिगलानी एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान जिला संयोजक भारत घई ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी।

**कार्यालय बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित चौरई विकासखण्ड - चौरई जिला-छिन्दवाड़ा,**
**पंजीयन क्रमांक 478 दिनाँक 07.01.1995**
**वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना**

दिनांकः 05/09/2025

बहु.प्राथ. कृषि साख सहकारी समिति मर्या चौरई के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है। कि साधारण आमसभा की बैठक दिनांकः 20/09/2025 दिन शनिवार समय दोप. 2:00 बजे से स्थान समिति कार्यालय चौरई में आयोजित की जायेगी। जिसमे निम्न विषयों पर विचार करके निर्णय लिया जाना है। अतः आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**श्री संतोष रघुवंशी**
**प्रबंधक**

**श्री आरिफ कुरैशी**
**प्रशासक**

## जनपद शिक्षा केंद्र में दिव्यांग जांच शिविर संपन्न



**जुन्नारदेव** : जनपद शिक्षा केंद्र में स्कूली बच्चों के लिए दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर अहफ़ज अख्तर, डॉ राजकुमार, डॉक्टर अम्रपाली पवार, डॉक्टर नीलिमा उइके ने विकलांग बच्चों की जांच कर उपकरणों के लिए चयनित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन बीआरसी अरविंद डेहरिया ने समस्त जन शिक्षकों के सहयोग से किया। शिविर में लगभग 100 से अधिक दिव्यांग विद्यार्थियों ने अपने रजिस्ट्रेशन कराया।जिनकी विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच की गई। इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को चयनित कर अगले कैंप में उन्हें उपकरण प्रदान करने की बात कही गई। शिविर में अस्थि रोग, नेत्र रोग,बहरापन, पोलियो ग्रस्त के विकलांगता की जांच की गई और उनका चयन किया गया।

### दर्शन के लिए भक्तों की लगी भारी भीड़, बैडबाजों के साथ निकली शोभायात्रा

# जगह-जगह धूमधाम से किया गया श्रीगणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

प्रथम पूज्य श्री भगवान गणेश चतुर्थी से लेकर 6 सितम्बर तक दमुआ नगर शहर सहित आसपास के क्षेत्र एरिया में भी गणेश उत्सव धूमधाम पूर्वक मनाया जा रहा है पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है भक्तजन भावभक्ति से पूजन अराधना आरती हवन पूजन कन्या भोज भण्डारा प्रसादी इत्यादि कार्यक्रमो में लगे हुए है। नाग मंदिर सेवा समिति श्री गणेश उत्सव समिति दमुआ न. 12 वार्ड न. 11 गणेश उत्सव में विधिवत आयोजन पश्चात 4 सितम्बर को हवन पूजन अनुष्ठान पूर्णाहूति एवं भण्डारा प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया , इसी तरह दादा तुलसीराम जी धुर्वे , देवमन धुर्वे, प्रियांशु धुर्वे, रोहित धुर्वे हमेलचंद जी नरें एवं धुर्वे परिवार श्री खेडापति माता मंदिर के समीप निवास में श्री गणेश उत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जा रहा है प्रतिदिन पूजन पाठ आरती भजन कीर्तन के आयोजन हो रहे है और 5 सितम्बर



दिन शुक्रवार को हवन पूजन पूर्णाहूति आरती के पश्चात भण्डारा प्रसादी का कार्यक्रम भी रखा गया है इसी तरह श्री सुखवीर खुराना खुराना परिवार दमुआ वार्ड न. 15 में श्री गणेश उत्सव का नौ दिवसीय कार्यक्रम धूमधाम पूर्वक मनाया जाता है पूजन अराधना के पश्चात आज दिनाक 5 सितम्बर को हवन पूजन का आयोजन किया गया और विशाल कन्या भोज भण्डारा भी आयोजित किया गया तथा शाम को महा आरती का आयोजन किया गया ज्ञात हो कि खुराना परिवार दमुआ द्वारा कई वर्षो से भगवान श्री गणेश जी की स्थापना करते चले आ रहे है और विधिवत पूजन अराधना भजन कीर्तन के साथ धूमधाम के साथ श्री गणेश जी के कार्यक्रम किये जाते है और बाजे गाजे के साथ नाचते गाते मूर्ति का विसर्जन किया जाता है। इस तरह एकता मंच गणेश उत्सव समिति दमुआ बाजार वार्ड न. 14 में गणेश उत्सव धूमधाम पूर्वक मनाया जाता है आज दिनांक 5 सितम्बर को हवन पूजन कन्या भोज विशाल भण्डारे का कार्यक्रम भी रखा गया है जहां भारी संख्या में भक्त श्रद्धालु जन पहुचकर प्रसादी ग्रहण कर पूण्य लाभ अर्जित करते है। जबकि पुराना बस स्टाप दमुआ में बस स्टाप के महाराजा हेप्पी सलूजा मित्र मंडली के द्वारा गणेश उत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाता है जिसमें आज दिनांक 05 सितम्बर को हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा 06 सितम्बर दिन शनिवार को विशाल भण्डारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जहां भारी सख्या में भक्त जन पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करेगें। श्री शिव मंदिर पुराना दमुआ माईनस चैक में भी श्री गणेश उत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाता है प्रतिदिन पूजन पाठ भजन कीर्तन हवन कन्या भोज भण्डारा भी रखा जाता है और कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाता है।

## साध्वी प्रतिमा और साध्वी रेखा बहन शिक्षक दिवस पर हुई सम्मानित



**छिंदवाड़ा।** आशाराम जी बापू की कृपा पात्र शिष्या साध्वी प्रतिमा बहन और साध्वी रेखा बहन को तिरोले कुन्बी समाज ने शिक्षक दिवस कार्यक्रम में सम्मानित किया । यह सम्मान साध्वी बहनों को गत 5 वर्षों से लिंगा आश्रम के आसपास के हजारों जरूरतमंदों को प्रतिमाह निःशुल्क राशन वितरण करना , सैकड़ों स्कूलों में गीता जयंती प्रतियोगिता का आयोजन करना , इन सभी स्कूलों में तुलसी पूजन और मातृ - पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन करना ,गर्मी में छाछ सेवा ,जल पियाऊ सेवा ,जगह जगह सत्संग और आदिवासीक्षेत्रों में भण्डारे का आयोजन करना ।जिससे प्रतिवर्ष लाखों लोग लाभांवित हो रहें हैं । ऐसे अनगिनत सेवाकार्य हैं । यह कार्यक्रम मुख्य रूप से कुन्बी समाज का था । साध्वी प्रतिमा बहन का जन्म भी कुन्बी समाज में हुआ है । कार्यक्रम में यह चर्चा विशेष रही कि हमारे समाज के पूज्य दशरथ मोरे जी ने करोड़ों रुपये की जमीन और बेटी पूज्य बापूजी की संस्था को दान दी ताकि लाखों लोगों का आध्यात्मिक भला हो और बेटी पूरे देश में सनातन संस्कृति और गुरु ज्ञान का प्रचार - प्रसार करते रहे । ऐसा जिगरा सिर्फ हमारे समाज के लोगों में होता हैं । जब समाज के लोगों ने लिंगा आश्रम में जाकर भव्य सेवाकार्य देखे तो उन्होंने साध्वी बहन से आग्रह किया कि आप हमारे कार्यक्रम में आयें । कार्यक्रम अयोजन समिति ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों के साथ साध्वी बहन को बैठाया । साध्वी बहन का भव्य स्वागत और सम्मान हुआ ।कुंबी समाज की प्रतिष्ठित सेवाभावी नगर निगम की पूर्व सभापति दीपा साबले ने साध्वी बहन का स्वागत किया । साध्वी बहनों ने भी मुख्य अतिथियों के साथ समाज के सैकड़ों मेधावी विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंट किये । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम के महापौर विक्रम आहाके और निगम के सभापति जोगेंद्र अलड़क उपस्थित रहे ।

## महिलाओं और कार्यकर्ताओं को घरेलू हिंसा से संबंधित दी जानकारी

**जुन्नारदेव।** परियोजना जुन्नारदेव के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 में आज कानूनी जागरूकता एवं घरेलू हिंसा कार्यक्रम के अंतर्गत परियोजना अधिकारी सुश्री सीमा पटेल के मार्गदर्शन में पर्यवेक्षक श्रीमती सीमा धुर्वे के मार्गदर्शन में अधिवक्ता मैडम रंजीता डेहरिया एवं अधिवक्ता प्रसन्न डेहरिया जी को आमंत्रित किया गया एवं उनके द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित महिलाओं और कार्यकर्ताओं के समक्ष कानूनी जागरूकता कार्यक्रम एवं घरेलू हिंसा से संबंधित जानकारी बताई गई। घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 ( **Protection of Women from Domestic Violence Act**, 2005) महिलाओं को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, यौन और आर्थिक शोषण से बचाने के लिए बनाया गया एक महत्वपूर्ण कानून है. यह न केवल विवाहित महिलाओं बल्कि लिव-इन-रिलेशनशिप में रहने वाली, बहनों, माताओं और अन्य महिला रिश्तेदारों को भी सुरक्षा प्रदान करता है जो घर में साझा रह रही हों. इस अधिनियम के तहत पीड़ित महिलाएं मजिस्ट्रेट से सुरक्षा आदेश, निवास आदेश, आर्थिक सहायता और बच्चों की अस्थायी संरक्षकता जैसे कानूनी उपाय प्राप्त कर सकती हैं. जिसमें घरेलू हिंसा से संबंधित अधिनियम के बारे में विस्तृत चर्चा की और बताया कि यदि किसी महिला को जो घरेलू हिंसा से पीड़ित है उसे सहायता प्राप्त करने की विधि तथा शासन द्वारा प्राप्त अधिकारों के विषय में बताया गयाडोमेस्टिक वायलेंस (घरेलू हिंसा) के मामलों में मुख्य रूप से घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 लागू होता है, खासकर अधिनियम की धारा 3 जो घरेलू हिंसा की परिभाषा देती है और धारा 12 के तहत पीड़ित सुरक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त, घरेलू हिंसा से जुड़े शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न के लिए भारतीय दंड संहिता (**IPC**) की धारा 498**A** भी लागू हो सकती है, खासकर अगर यह दहेज से जुड़ा हो. इस कानूनी जागरूकता कार्यक्रम में अधिवक्ता द्वारा बच्चों बच्चों के लिए बनाया गया पोक्सो एक्ट के विषय में भी जानकारी दी गई तथा बच्चों को सुरक्षित कैसे रखा जाए इन मुद्दों पर भी विस्तृत जानकारी दी।



## जिला स्तरीय योग स्पर्धा में आए 150 विद्यार्थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज स्थानीय लक्ष्मी स्मृति भवन में जिलास्तरीय शालेय योग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें जिले के 150 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस योग प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे, एस.ओ. प्रताप सिंह इवनाती, बी.ई.ओ. हरिभाउ हांडे, सहसंयोजक एवं सांदीपन स्कूल प्राचार्य सी. बरेठ, योगिराज वानखडे, प्राचार्य माधुरीताई पाटील, जिला योग प्रभारी संगीताताई बेंडे तथा सांदीपनी शाला की उपप्राचार्य मीना मनकवडे इत्यादि अतिथिगण मौजूद रहे। आज संपन्न हुई जिलास्तरीय योग प्रतियोगिता में आयु वर्ग 14 में बालक वर्ग में आयुष धुर्वे तथा बालिका वर्ग में मानवी धारपूरे प्रथम स्थान पर रहे। आयु वर्ग 17 में बालक वर्ग से साईं सहगल तथा अकिन बारंगे ने प्रथम स्थान पाया। इसी प्रकार आयु वर्ग 19 में बालक वर्ग से आकाश मोहबे तथा बालिका वर्ग से चेतना ढोंढी का चयन हुआ है।

जिलास्तरीय योग प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न कराने में जिला क्रिडा प्रभारी वामन घाटोडे, वि.खं. खेल प्रभारी खेल सिंग मरकाम, योग प्रभारी रंजना कुमरे, खेल शिक्षक संजय डाबरे, प्रशांत पाटील, उत्तम सांबारे, कुणाल नागदवने, अंजली गाढवे, संगीता घागरे, विवेक भिसे, मोहन किनकर, संजय आसरे, पवन रेवतकर तथा जनार्दन खवसे का सहयोग रहा। इस प्रतियोगिता में बाहर से पधारे खेल शिक्षक कुंज बिहारी वर्मा, सतीश मालवीय, नंदकिशोर बेलवंशी, नेहा बागडे, मुक्ता नागले, तनय राम तथा ममता जैस्वाल का सहयोग रहा।

## सार्वजनिक गणेश पंडाल हुए सम्मानित



**दमुआ।** गणेश चतुर्थी पर प्रतिवर्षणुसार इस वर्ष भी दस दिवसीय भगवान श्री गणेश के पावन उत्सव के महापर्व पर सभी धर्मालंबी परिवारों ने अपने अपने घरों में एवं सार्वजनिक पंडालों में समितियों द्वारा भगवान गणेश जी मूर्तियां स्थापित कर दसों दिन विधि विधान के साथ पूजन पाठ अनुष्ठान भजन कीर्तन व अनेकों धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम कर महोत्सव मनाया गया।इसी क्रम में लायंस सेवा समिति दमुआ द्वारा प्रतिवर्षणुसार इस वर्ष की सार्वजनिक श्री गणेश जी के पंडालों की सजावट के आधार पर निर्णयक मंडल द्वारा चयनित मंडलों को प्रथम पुरस्कार महाकाल सेवा समिति 7 न. नंदन,द्वितीय पुरस्कार न्यू बस स्टैंड के राजा समिति,तृतीय पुरस्कार पुराना बस स्टैंडवक राजा के अलावा अन्य आठ श्री गणेश पंडालों मे पहचकर समितियों को गौरव सम्मान चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं समितियों द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ बप्पा की मूर्ति का विसर्जन किया गया एवं भक्तों ने अगले बरस तू जल्दी आ की प्राथना करे सभी का जीवन सुखमय हो।

## ईद मिलाद-उन -नबी पर किरनापुर ने पेश की हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल

### विभिन्न गणेश उत्सव समितियो ने जश्ने जुलूस पर शरबत पिलाकर कराया स्वल्पाहार

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



किरनापुर मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 11 एंव गुजरी चौक किरनापुर में सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति एंव अष्ट विनायक गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है।

और इस वर्ष गणेश उत्सव के अंतिम दिनों में मुस्लिम समाज के पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्मदिन भी इसी तिथि के बीच में आया है जंहा गौसिया मस्जिद के मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर शहर के विभिन्न चौक चौराहो से जश्ने जुलूस निकाला गया जो गणेश प्रतिमा के दर्जनों पण्डलो से गुजरा । जहां शाम 04 बजे जुलूस मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 11 के सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति एंव गुजरी चौक के अष्ट विनायक गणेश उत्सव समिति द्वारा स्थापित गणेश प्रतिमा के पंडाल पहुंचा । तो दोनो समितियो के पदाधिकारियों ने पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर निकले जश्ने जुलूस में शामिल मुस्लिम समाज के धर्मावलंबियों का स्वागत सत्कार किया और उन्हें स्वल्पाहार के साथ शरबत पिलाते हुए हिन्दू - मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की है।

जबकि मुस्लिम भाइयो ने भी भगवान श्री गणेश की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए देश की सुख सम्प्रद्धि एंव शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की है।

### गंदगी और जलभराव से परेशान हैं ग्रामीण

## ग्राम पंचायत पालडोंगरी के वार्ड नंबर 14 में नाली निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत पालडोंगरी वार्ड नंबर 14 के निवासी नाली निर्माण नहीं होने के कारण काफी परेशान हैं। घरों का पानी निकासी नहीं होने के कारण घरों में ही जमा हो रहा है, जिससे आने-जाने में भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने कई बार सरपंच और पंच राजेश मुरकुटे को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### बार-बार आवेदन देने के बावजूद नहीं हो रहा नाली निर्माण

ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में आवेदन देने के बावजूद नाली निर्माण नहीं कराया जा रहा है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है और वे जल्द ही नाली निर्माण की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही नाली का निर्माण नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### जलभराव और गंदगी से बढ़ रहा बीमारियों का खतरा



नाली नहीं होने के कारण घरों के सामने जलभराव हो रहा है, जिससे मच्छरों की भरमार हो गई है। इससे बीमारी और दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही नाली निर्माण की समस्या का समाधान किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार सरपंच और पंच को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब वे प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि जल्द ही नाली निर्माण की समस्या का समाधान किया जाए।

## एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान अंतर्गत रेड रन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** नेशनल एड्स कन्ट्रोल आर्गनाइजेश (NACO), मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल (MPSACS) एवं जिला एड्स नियंत्रण समिति बालाघाट के निर्देशानुसार 08 सितम्बर को शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में संचालित रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान अंतर्गत रेड रन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एसएस गेड़ाम के मार्गदर्शन एवं श्री कृष्णा पराते रेड रिबन क्लब प्रभारी के नेतृत्व तथा एनएसएस एवं रेड रिबल क्लब के सदस्यों के सहयोग से आयोजित किया गया।

एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान अंतर्गत रेड रन प्रतियोगिता का उद्देश्य एचआईवी ग्रस्त लोगो को उनके अधिकारो, सूरक्षा एवं समावेशिता को बढ़ावा देने तथा उनके साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त करने और एचआईवी से बचाव व रोकथाम के लिए समाज एवं युवा वर्ग में जागरूकता लाना है। रेड रिबन क्लब सदस्यों के सहयोग एवं इस प्रतियोगिता के माध्यम से एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता के लिए महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं तथा सामान्य जनों को प्रेरित करने के लिए संकल्प लिया गया तथा जागरूकता अभियान को डिजिटल प्लेटफार्म एवं सोसल मिडिया का उपयोग कर जागरूकता अभियान में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित किये जाने के लिए अभियान में उपस्थित सभी 62 सदस्यों को प्रेरित किया गया।

रेड रन प्रतियोगिता की शुरूआत एचआईवी एड्स से संबंधित नारो के साथ प्रारंभ की गयी, जिसमें लगभग 43 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## एलटी लाईन में काम के दौरान करंट के दौरान मजदूर युवक की मौत



### ग्राम सांवरीखुर्द की घटना, विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश

हरिभूमि न्यूज लांजी।

एलटी लाईन के काम के दौरान एक मजदूर की 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक युवक का नाम खेदसिंह पिता त्रिलोक सिंह जाति लोधी जिला दमोह ग्राम तेजगढ़ 35 वर्ष है। मिली जानकारी के अनुसार एलटी लाइन में काम चल रहा था, जब खंभे गाडऩे के दौरान एक अन्य युवक को खंभे के गिरने से हाथ में चोट आई। करंट लगने वाले युवक को सिविल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह घटना विद्युत विभाग की लापरवाही को उजागर करती है, जिसके कारण एक गरीब मजदूर की जान चली गई। इस घटना के बाद, स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की।

ग्राम सांवरीखुर्द में शटडाउन लेकर एलटी लाईन काम कर रहे प्राइवेट लाइनमैन की उस समय दर्दनाक मौत हो गई। जब पास से गुजरी रही 11 केवी लाईन के संपर्क में एलटी लाईन का खंभा आ गया, जिसकी चपेट में आने से खंभा गाडऩे का कार्य कर रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी अनुसार जनपद क्षेत्र लांजी के ग्राम सांवरीखुर्द में विद्युत विभाग की

### दिगम्बर जैन मंदिर में हो रहे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम

## आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की हस्तलिखित पुस्तक का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



दिगम्बर जैन समाज के दशलक्षण महापर्व के अवसर पर स्थानीय श्री दिगम्बर जैन मंदिर वारासिवनी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। मंदिरजी में आर्यिका भावनामति माताजी, आर्यिका सदयमति माताजी, आर्यिका भक्तिमति माताजी का चातुर्मास भी चल रहा है। माताजी ससंघ के मार्गदर्शन में मंदिर जी में दशलक्षण पर्व के कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा हैं। माता जी भावनामति ससंघ द्वारा प्रतिदिन प्रवचन भी दिए जा रहे है।

इस अवसर पर माताजी भावनामति ससंघ के सानिध्य में आचार्य श्री विद्यासागरजी द्वारा हस्तलिखित दुर्लभ कृति डूबो मत, डुबकी लगाओ का विमोचन भव्य रूप से समारोहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर विशेष अतिथियों के रुप में उपस्थित विधायक विवेक विक्की पटेल, आरएसएस विभाग संघ चालक रंगा देवरस, जनपद पंचायत वारासिवनी मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमारी दीक्षा जैन, संस्कृत विद्वान राम रूसिया, पूर्व पार्षद विवेक एड़े एवं दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष मुकेश मॉडल, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सरिता सिंघई, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुमेरचंद जैन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष निर्दोष मॉडल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष धवल मॉडल, पूर्व पार्षद अतेंद्र जैन, दिगम्बर जैन समाज पूर्व अध्यक्ष संजय कासल, पटवारी कुमारी आकांक्षा जैन के हस्ते आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की हस्तलिखित कृति का विमोचन कराया गया।

विमोचन के पहले सभी अतिथियों ने माता जी को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं अतिथियों का दिगंबर समाज के पदाधिकारियों द्वारा पीले वस्त्र एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया। मंच संचालन अभिषेक शानू सिंघई द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। अभी आर्यिका भावना माता जी द्वारा सुबह सवा 5 बजे ध्यान शिविर भी लगाया जा रहा है, पश्चात पूजा, पाठ प्रवचन भी हो रहे हैं, दोपहर को तत्वार्थ सूत्र की क्लास ली जा रही है, रात्रि में प्रतिदिन धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं। इन सभी कार्यक्रमों में चातुर्मास अध्यक्ष अजीत जैन, श्रीमती सुनील मॉडल, कोषाध्यक्ष प्रदीप पाइया, सचिव आलोक जैन, संजय कासल, प्रदीप पायल एवं समाज के सभी वर्गों का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## 7 दिनों में कराये राशि जमा, अन्यथा होर्डिंग-पोस्टर में नाम व फोटो होगी प्रकाशित, कुर्की की होगी कार्यवाही

### पीएम आवास योजना में रकम लेकर समय सीमा में निर्माण नहीं करने वाले हितग्राहियों को दी सीएमओ ने चेतावनी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत तय समय सीमा में आवास का निर्माण नहीं करने वाल और आवास निर्माण नहीं करने वाले हितग्राहियों से दी गई रकम वापस लेने का कार्य नगरपालिका परिषद द्वारा प्रारंभ कर दिया गया हैं। पिछले दिनों ऐसे लगभग 85 हितग्राहियों को एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल द्वारा नोटिस जारी कर 28 अगस्त तक राशि जमा करने के निर्देश दिए गए थे। जिस के बाद कुछ हितग्राहियों द्वारा लगभग 28 लाख रुपये की राशि जमा करवा दी गई थी। जबकि नगरपालिका को लगभग 85 हितग्राहियों से एक करोड़ 18 लाख रुपये की वसूली करनी हैं। एसडीएम श्री जायसवाल द्वारा जारी नोटिस के बाद हितग्राहियों ने 28 अगस्त को उनके कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी-अपनी समस्या का जिक्र किया था। जिसमें कुछ हितग्राही ऐसे भी शामिल थे, जिनका मकान निर्माण कार्य पिछले वर्ष ही पूर्ण हो चुका हैं, लेकिन उनकी जियो टेकिंग नहीं होने के कारण उन्हें 50 हजार रुपये की राशि नहीं मिल पाई हैं और वह परेशान हो रहे हैं। इन हितग्राहियों ने एसडीएम से पुनः सत्यापन करवा कर उनके मकान की निर्माण स्थिति देखने का अनुरोध करते हुए उन्हें बाकी रकम दिलवाने की मॉग की थी। जिस पर एसडीएम ने सीएमओ सूर्यप्रकाश उके को वस्तु स्थिति की जानकारी लेने के निर्देश दिए थे।

इस बीच कुछ हितग्राहियों जिन्होंने मकान का निर्माण नहीं किया हैं, उन्होंने लगभग 28 लाख रुपये की राशि नगरपालिका में जमा करवा दी हैं, लेकिन शेष हितग्राहियों द्वारा राशि जमा नहीं करवाई गई हैं। जिसके बाद नगरपालिका सीएमओ सूर्य प्रकाश उके ने एक विज्ञप्ति जारी कर ऐैसे समस्त हितग्राहियों से अपील की है कि आवास निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण ना किये जाने के फलस्वरूप जारी नोटिस अनुसार प्रदाय किश्त की राशि 7 दिवस में निकाय कोष में जमा कराया जाना सुनिश्चित करे, यदि हितग्राहियों द्वारा राशि जमा नहीं की गई, तो ऐसे हितग्राहियों के नाम फोटो सहित बैनर, होर्डिंग्स के माध्यम से सार्वजनिक रूप से प्रकाशित कराये जावेगे एवं कुर्की की कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए संबंधित हितग्राही स्वयं उत्तरदायी होगें।

## खबर संक्षेप

### विधायक दिनेश राय मुनमुन का कल्चुरी फाउंडेशन ने किया स्वागत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सोमवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी का कल्चुरी फाउंडेशन द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। कल्चुरी फाउंडेशन सिवनी द्वारा बारापत्थर स्थित विधायक निवास पहुंचकर दिनेश राय मुनमुन को उनके ज्येष्ठ पुत्र दिव्यांश राम राय को प्रथम कन्या रत्न की प्राप्ति पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया तथा सिवनी से स्पेशल ट्रेन के माध्यम से श्रद्धालुओं को अयोध्या नगरी की पवित्र यात्रा कराये जाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस साथ ही फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन को मीठा खिलाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान श्री राय ने सभी आगंतुक जनों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सर्वश्री अरुण राय, अखिलेश राय जेवनारामाल, सुनील राय, बसंत राय, टी एस राय, दिलीप राय, सहेन्द्र राय, संजय नारायण राय, डा. बसंत राय, डा. गजेन्द्र डहरवाल, आदेश मालवीय, रंत राय, संजय राय, जगदीश राय, विनोद राय, सत्यम सूर्यवंशी, नीलेश सूर्यवंशी, जितेन्द्र सूर्यवंशी, बपत राय, अखिलेश खेडीकर, धीरज राय, संकेत विक्की शिवहरे, रीतेश राय, महेश सूर्यवंशी, दीपक राय, राजा चौकसे, दीपक राय, सवित आर्य, अदीप आर्य, जयसिंह राय, देवीदीन राय, मनोज राय सहित अनेक बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

# धमाचौकड़ी मचा रहे झाबुआ पावर प्लांट के राख से भरे बेलगाम डंपर

## कुंभकर्णीय नींद में जिम्मेदार, दलालों की चांदी, आम आदमी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ घंसौर।



सिवनी जिले के घंसौर विकासखंड में स्थित जिले की सबसे बड़ी औद्योगिक इकाई झाबुआ पावर प्लांट द्वारा पर अब क्षेत्र की सेहत से खेलने के आरोप लग रहे हैं। यूं तो कहने को राख से भरे डंफरो को घंसौर लखनादौन के रास्ते जबलपुर के रिंग रोड निर्माण में ले जाया जा रहा है, परंतु सड़कों पर जब झाबुआ पावर प्लांट के ओवरलोड डंफर निकलते हैं तो आम आदमी का सड़क पर चलना दूभर हो जाता है जिससे लगातार पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है सूत्रों की माने तो फ्लाई एश परिवहन का ठेका गौरव कन्स्ट्रक्शन को दिया गया था।

जिससे पेटी कॉन्टेक्ट पर नरसिंहपुर जिले के युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रियांक जैन ने ले लिया और अपनी नेतागिरी के चक्कर में बेधड़क ओवर लोड डम्फर फर्राटे भर रहें है। भाजपा का नेता होने के चलते प्रशासन कार्यवाही करने में नाकाम है। पॉवर प्लांट की राख से क्षेत्र की जनता विभिन्न बीमारियों की जद में आ रही है जिससे श्वास,हृदय रोग, एवं कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है ये बेलगाम डंफर से न केवल वह सड़कों की सेहत खराब हो रही है जिनसे यह निकलते हैं तो दूसरी ओर सड़कों में हादसों की भी संभावनाएं बढ़ गई हैं।

नियमविरुद्ध तरीके से राखड़ का परिवहन बिना किसी सुरक्षा के मानकों का पालन करते हुये किया जा रहा है। प्रियांक जैन की नेतागिरी के चलते पर्यावरण विभाग एवं परिवहन विभाग दोनों इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साधते दिख रहे हैं।

जानकार सूत्रों की माने तो पवार प्लांट से जुड़े कुछ दलालों एवं दोनों विभाग के अधिकारियों को पावर प्लांट से जुड़े लोगों द्वारा उपकृत किया जा रहा है कुछ सूत्र तो मंथली की भी बात कह रहे हैं। जिसकी हमारे द्वारा पुष्टि नहीं की जा सकती परंतु पर्दे के पीछे की कहानी कुछ भी हो सकती है सूत्र तो इतना तक दावा करते हैं कि घंसौर के कुछ व्यापारीयों द्वारा दलाली करते हैं विभिन्न विभागों को संभालने की जिम्मेदारी ली गई है जिसकी पहचान सूत्रों द्वारा अगले अंक में बताने के दावे किए गए हैं परंतु क्षेत्र की आवो हवा और सेहत से खिलवाड़ करने का काम झाबुआ पावर प्लांट द्वारा लगातार किया जा रहा है।

बता दें कि क्षेत्र के कुछ जागरूक नागरिकों द्वारा झाबुआ पावर प्लांट के मनमानियों के खिलाफ जब विभिन्न विभागों में शिकायतें की गईं तो झूठी रिपोर्ट बनाकर शिकायतों से इतिश्री करने का काम जिम्मेदार अधिकारी कर रहे हैं जिले की संवेदनशील कलेक्टर महोदय से हमारा निवेदन है कि क्षेत्र की आवो हवा और सेहत के लिए झाबुआ पावर प्लांट के डंफरों पर लगाम लगाया जाए ताकि संभावित हादसों को समय रहते रोका जा सके॥

### इनका कहना है

आपके द्वारा राखड़ से भरे ओवर लोडिंग डंफरों के चलने का मामला संज्ञान में आया है,हम शीघ्र ही इन पर कार्यवाही करेंगे।

**क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी,देवेश बाथम सिवनी**

# नाले में डूबने से ढाई वर्षीय बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



जिले के किंदरई थाना क्षेत्र के ग्राम चौरई में सोमवार सुबह खेत के पास नाले में डूबने से ढाई वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतक बच्ची की पहचान अर्पिता (पिता अनील नेताम) के रूप में हुई है।

घटना उस समय हुई जब बच्ची अपनी दादी के साथ खेत गई थी। दादी ने बच्ची को खेत पर बने टपरे में छोड़कर काम करने चली गई। कुछ देर बाद बच्ची भी दादी के पीछे जाने लगी। इसी दौरान वह खेत पर बने नाले के पानी में डूब गई।परिजनों ने काफी देर तक बच्ची की तलाश की। जब पानी से भरे नाले में देखा तो बच्ची का शव गड्ढे में मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतिका के शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। जिले में रुक-रुक कर हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं और गड्डों में पानी भरा है। पुलिस ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। इसके बावजूद लोगों की लापरवाही से हादसे हो रहे हैं।

# संगम घाट पर हुई ऐतिहासिक बैठक, आगामी नवंबर में होगा हरिहरात्मक महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले के पावन संगम घाट स्थल (इमली टोला) पर एक ऐतिहासिक सार्वजनिक बैठक सम्पन्न हुई। यह बैठक जगतगुरु द्वीपीठाधीश्वर पं. दीनदयाल आचार्य (दुर्गा कुंड, काशी, वाराणसी), यज्ञ संयोजक सम्राट स्वामी परमहंस अनुभवानंद महाराज (दुर्ग, छत्तीसगढ़) एवं शिवधाम खैरगांव (बरखेड़ा) पीठाधीश्वर स्वामी चंदन गिरि महाराज के दिव्य सानिध्य में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी अगहन कृष्ण पक्ष में श्री श्री हरिहरात्मक महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह महायज्ञ शुक्रवार, 7 नवम्बर 2025 से प्रारंभ होकर सोमवार, 17 नवम्बर 2025 (अगहन कृष्ण त्रयोदशी) तक भव्य रूप से सम्पन्न होगा। धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस आयोजन को लेकर उपस्थित सभी धर्मप्रेमी बंधुओं ने एक स्वर से सहमति जताई। बैठक में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं धर्मगुरु उपस्थित रहे। वेद-मंत्रों का उच्चारण समस्त क्षेत्र को सकारात्मक ऊर्जा से आलोकित करेगा।

# आदि कर्मयोगी अभियान की कार्यशाला सम्पन्न



**धनौरा -** विकास खंड धनोरा में दो दिवसीय आदि कर्मयोगी अभियान की कार्यशाला जनपद पंचायत सभाकक्ष विगत दिनों आयोजित हुई जिसमें माननीय जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं मुख्यकार्य पालन अधिकारी जनपद पंचायत धनोरा द्वारा पूजन अर्चन कर कार्यशाला प्रारम्भ की गई। इसके पश्चात कार्यक्रम का उद्वेश्य अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी भूपेन्द्र राजपूत ने संक्षिप्त में उपस्थित प्रतिभागियों को बताया। साथ ही जिला मास्टर ट्रेनर्स बोपचे द्वारा प्रथम सत्र की विषय वस्तु बताई गई। लंच के बाद द्वितीय सत्र में विकास खंड अधिकारी व जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नीरज दुबे ने बताया कैसे हमे गांव के विकास के लिए बुनियादी चीजों को ध्यान में रखकर पांच की कार्ययोजना बनाना है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन पुनः फीडबैक प्रशिक्षकों द्वारा लिया गया। ओर जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स मदन रोशन इनवाती बीपीओ धनोरा द्वारा पंचायत में जनप्रति निधियों की ग्राम विकास में भूमिका को। समझाया गया। साथ ही हमे गांव में बैठकर गांव के बुजुर्गों की राय लेते हुए ग्राम विकास की कार्ययोजना बनाना हे सहभागिता के साथ कार्य करना हे। अंत में सीईओ ओंकार सिंह ठाकुर ने बताया कि योजना बनाते समय ध्यान रखना हे गांव में अंतिम छोर में बैठा व्यक्ति भी योजनाओं से लाभान्वित हो गांव हे हर व्यक्ति को शासन की योजना का लाभ मिले कोई भी जरूरत मंद व्यक्ति न छूट पाए इस बात का विशेष ध्यान देना है।

# हमाल मजदूरों के कमरे नीलाम करने पर पार्षदों का विरोध

## नगर परिषद बरघाट सीएमओ को सौपा विरोध पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरघाट।



नगर परिषद बरघाट मे बैठी नगर सरकार की हमेशा ही चचां बनी रहती है गठन के दिन ही ऐसा हुआ जो इतिहास मे कही नहीं हुआ जहाँ भाजपा और काग्रेस पाटीं ने मिलकर सरकार बना ली जो हमेशा के लिए उन भाजपा काग्रेस के मतदान को याद रहेगा कि उनका वोट कहा गया और अब किसको दे वोट जब से नगर परिषद बरघाट मे गठबंधन परिषद बैठी है तब से ही नगर का विकास कहा गुम हो गया किसी को पता नहीं इन तीन साल मे एक भी काम जनता को नहीं दिखा और किया भी गया तो वह भी बिना भविष्य की योजना को ध्यान रखे हो गया डिवाइड रोड का काम कब होगा यह तो पता नहीं लेकिन उसके नाम पर विघुत पोल जरूर लग गए वह कैसे लगे है यह किसी से छुपा नहीं है बिना उपयोगी के बडी नाली बन गई वह भी चली कही से पहुच कही गई लोग उसको नाली नहीं नागिन नाली नाम दे दिए क्यों की वह चल ही कुछ ऐसी ही है अब नगर परिषद बरघाट ने एक और नया कारनामा कर दिया जो हमालो मजदूरों के लिऐ नगर परिषद अध्यक्ष रंजीत वासनिक के समय की परिषद मे सुन्दर नया बस स्टैंड बनाया गया जहाँ कमरे बनाकर नगर परिषद की आय बढाई गई वही दो कमरे ऐसे बनाऐ गए जहाँ हमालो मजदूरो को ध्यान मे रखकर सुरक्षित रखे गए जहाँ वह आराम कर सके जहाँ टीवी देखकर मनोरंजन कर सके बैठने की व्यवस्था की रखी गई क्यों कि यह लोग बस स्टैंड कहा बैठे इसका ध्यान पिछली परिषद ने पूरा रखा लेकिन यह भाजपा कांग्रेस गठबंधन नगर परिषद ने उन कमरा नंबर 35, 36 दोनो कमरे की दो नग एलईडी टीवी एवं बैठने के सोफासेट की व्यवस्था का सभी सामान ही गोल कर दिया और अब उन गरीबो का हक मार कर उन कमरो को नीलामी के लिए निकाल दिया जिसका नगर मे विरोध हो रहा है।

जिसको लेकर विकास मोचां के सभी सात पाषंदो ने भी अपना विरोध दर्ज कराया जिसके लिऐ श्रीमती संगीता रंजीत वासनिक, श्रीमती सुधा रामसिंह कंगाली, बाबर खान, श्रीमती रूचि राकेश वासनिक, जीतेन्द्र सिंगारे पप्पू, श्रीमती साक्षी ढालसिह बिसेन, श्रीमती किरण नीरज सूयंवंशी सभी पाषंदो ने नगरपालिका अधिकारी वेदप्रकाश पूरी को विरोध पत्र सौपा और हमालो मजदूरों के कमरे यथावत उनके लिए ही रखने को कहा गया है पीआईसी की बैठ के प्रस्ताव नंबर 11 पर भी विरोध दजं कराया गया है। अब देखना है भाजपा काग्रेस गठबंधन की नगर परिषद बरघाट गरीबो का हक छीनती है या फिर उसको भी नीलाम करती है जिसको लेकर भविष्य मे बड़ा आदोलन भी हो सकता है।

# घंसौर पुलिस के हत्थे चढ़े चोर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** चोरी के वारदात को अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक सिवनी सुश्री सिमाला प्रसाद के व्दारा समस्त थाना प्रभारीयो को चोरी के आरोपीयो को पकड़ने का निर्देश दिये जाने एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एस डी ओ पी घंसौर श्रीमती नम्रता सोंधिया के मार्ग दर्शन में कार्यवाही करते हुये दिनांक 20/08/2025 की दरम्यानी रात्रि ग्राम बरीदामाल मे स्थित रमेश कुमारी गोल्हानी के निजी सिध्देश्वरी मंदिर में दरवाजे का ताला तोड़कर मूर्ति के गले का मंगसूत्र और दान पेटी तोड़कर रूपये कोई अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ले गया।

इसी प्रकार दिनांक 11/07/2025 को ग्राम कहानी स्थित यश गोल्हानी की किराना दुकान की सटर का रात्रि में ताला तोडकर गल्ले मे रखा 15000 रूपये किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरूध्द धारा 331(4),305 (ए) बी एन एस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। थाना पँसौर क्षेत्र में हुई चोरी के घटनाओ को अंकुश लगाने हेत मुखबिर की सूचना पर संदेही कमलेश पिता फूल सिह पटेल (लोधी) उम्र 26 साल निवासी ग्राम बम्होडी थाना घंसौर को दस्तायब कर हिकमत अमली से पूछताछ की गई जिसने अपने साला रामकुमार पटेल निवासी सरईटोला थाना केवलारी और रिश्तेदार सत्यम पटेल निवासी बम्हानवाडा थाना घंसौर के साथ मिलकर उक्त दोनो चोरी के घटनाओ को अंजाम देने की बात स्वीकार किया जो आरोपी कमलेश पटेल ने मंदिर से चोरी किया सोने का मंगसूत्र की जप्त कराया है आरोपी को दिनांक 08/09/2025 को गिरफ्तार कर न्यायलय पेश कर जेल भेजा गया। शेष दो आरोपीयो की तलाश की जा रही है जिनसे चोरी किया गया मशरूका की बरामद किया जाना। गिरफ्तार आरोपी- कमलेश पिता फूल सिह पटेल (लोधी) उम्र 26 साल निवासी बम्होडी थाना घंसौर।

# शासन कार्यक्रम अंतगर्त ब्लाक लेवल ओरियेन्ट्रेशन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छपारा।

दिनांक 2/9/25 से 3/9/25 तक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद पंचायत छपारा के सभा कक्ष में आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष सदम सिंह वरकड़े जी नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी रविन्द्र मीणा जी तथा जिला स्त्रीय मास्ट्र ट्रेनर्स विकास खण्ड् अधिकारी राकेश दुबे जी की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया।

भगवान बिरसामुंडा एवं मां सरस्मृती की पूजन उपरांत इस कार्यक्रम कीप्रस्तावना में बताया गया कि भारत में आदि काल से निवासरत जनजाती समुदाय के समग्र विकास के लिए भारत वर्ष में चिहित लगभग 100000 (एक लाख) ग्रामों में आदि कर्मयोगी तथा जन भागीदारी (नागरिक सामाज संगठन) मिलकर स्वय योजना बनाकर विकास कार्यों का चिन्हांकन कर योजना बनाकर सभी विभाग मिलकर आदि सेवा केंन्द्रों पर क्रियान्वयन किया जाना है सेवा समर्पण और संकल्प मानकर जनजातीय समुदाय का गौरव बढ़ाने हेतु सतत प्रयत्मशील रहेंगे। यह अभीयान आदी कर्मयोगी आदि साथी आदि सहयोगी आदि विद्यार्थी जनजातीय प्रतिनिधियों के साथ मिलकर पूर्ण किया जाना है जनपद पंचायत छपारा के धरती आबा अंतर्गत चयनित 20 पंचायतों के 54 गांव चिन्हित किए गए है जिनमें यह अभियान उद्देश्यों की पूर्ति करेगा जिसमें ग्राम जानकारी नजरीनक्शा तथा ग्राम कार्य योजना बनाकर उत्तरदायी शासन द्वारा क्रियान्ध्यन किया जाएगा।

# महिला प्रशिक्षणार्थियों दिया गया जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सेंट आर-सेटी सिवनी में 02 अगस्त से 05 सितम्बर 2025 तक 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर (लघु उद्यमी) प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें आजीविका मिशन सिवनी के सभी ब्लॉकों से 35 महिला प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण का संचालन डीएसटी श्रीमती रजनी यादव द्वारा किया गया। 05 सितम्बर को प्रशिक्षण का मूल्यांकन अधिकारी प्रदीप कुमार नामदेव एवं श्रीमती निर्मला नागपुरे द्वारा किया गया। इसी अवसर पर समापन एवं प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम में एसबीआई एलडीएम प्रवीण कुमार दिसोरिया, एनआरएलएम से डीपीएम संजय रस्तोगी एवं एफएलसीसी राजेंद्र सदाफल उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर सेंट आर-सेटी के डायरेक्टर कुलदीप सिंह, संकाय सदस्य, स्टाफ व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में नि:शुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

## स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने की दी सलाह प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



स्वस्थ्य तन और स्वस्थ मन होगा तो जीवन उमंग से परिपूर्ण रहेगा। यह बात नोडल अधिकारी के. सी. राउर ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीगलेंस सिवनी में उमंग उच्चा शिक्षा हेल्थ वेलनेस गतिविधि के तहत आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कही। उमंग स्वास्थ्य शिविर में डॉ. अजय उपाध्याय चिकित्सा अधिकारी एवं नेत्र चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलिप यादव ने छात्र-छात्राओं की जांच कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया। शिविर में विद्यार्थियों की सामान्य की जांच के साथ आंखों, दांतों व ब्लड शुगर जांच की गई। स्वस्थ्य यकृत मिशन के तहत उंचाई, वजन और कमर की माप ली गई व बीएमआई अनुसार कम वजन वाले बच्चों पोषक तत्वों से युक्त आहार के बारे में बताया गया। वहीं अधिक वजन मोटापा वाले बच्चों को व्यायाम और फास्ट फूड से बचने की सलाह दी गई। स्वस्थ्य जीवनशैली के लाभ जानकारी दी गई।

# सेवा पखवाड़ा एवं आदिकर्मयोगी अभियान की तैयारियों की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा एवं आदिकर्मयोगी अभियान अंतर्गत आदि सेवा सप्ताह की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में प्रदेशभर के संभाग आयुक्त, कलेक्टर एवं विभाग प्रमुख शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान के दौरान विभागवार सौंपी गई जिम्मेदारियों का अक्षरशः पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में मध्यप्रदेश से शुभारंभ होगा, इसलिए कार्यक्रमों की तैयारियां व्यवस्थित और समयबद्ध रूप से की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में कलेक्टरों के निर्देशन में योजनाबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों, सक्रिय सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं को जोड़ने पर भी बल दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सिवनी जिले से कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपरांत कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने जिले के सभी अधिकारियों को विभागवार सौंपी गई जिम्मेदारियों का पूर्णतः पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान अवधि में सभी विभाग निर्धारित कार्यों को गंभीरता एवं पारदर्शिता से संपन्न करें, ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही योजनाओं से लाभांवित हो सकें।

# जिले में 1146.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 08 सितम्बर 25 तक 1146.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 08 सितम्बर 25 तक विकासखंड सिवनी में 1009.8 मि.मी, कुरई में 794.1 मि.मी., बरघाट में 1039.1 मि.मी., केवलारी में 1358.1 मि.मी., छपारा 1054.5 मि.मी, लखनादौन में 1119.8 मिमी, धनौरा में 1099.0 मिमी एवं घंसौर में 1696.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 9171.4 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 08 सितम्बर 24 तक कुल 9720 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न

## किसानों को योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए इसके लिए आधार सीडिंग का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में रविवार 07 सितंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने सबसे पहले राजस्व प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की। इसमें नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, भू-अभिलेख संधारण एवं न्यायालयीन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा हुई। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन से जुड़े प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने साइबर तहसील, वन ग्राम से राजस्व ग्राम संपरिवर्तन, स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्री तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए। इसके लिए आधार सीडिंग का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए।

कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इसके पश्चात बैठक में खरीफ फसल गिरदावरी कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि धान एवं मक्का के साथ-साथ अन्य फसलों की भी सही-सही गिरदावरी की जाए। उन्होंने गलत गिरदावरी न करने तथा शेष रहे कार्यों को 15 सितंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही गैर न्यायालयीन कार्यों में लगे राजस्व अधिकारियों को अपने-अपने अनुभागों का भ्रमण कर पटवारी द्वारा किए जा रहे गिरदावरी कार्यों का स्थल पर अवलोकन करने के लिए कहा।

कलेक्टर सुश्री जैन ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों के निरीक्षण पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राशन वितरण की वास्तविक स्थिति का भौतिक सत्यापन कर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यदि कहीं अनियमितता पाई जाती है तो दोषियों पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर सुश्री जैन ने कहा कि राजस्व अधिकारी मैदानी स्तर पर सक्रिय रहते हुए किसानों और नागरिकों से जुड़े कार्यों को संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ संपन्न करें। साथ ही राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति भी समय पर की जाए।

## बालाघाट सिंघनी की दहाड़ से भाजपाइयों में बौखलाहट

# महिला आईएफएस ने लगाए 3 लाख मांगने का आरोप

## सत्तापक्ष ने ज्ञापन सौंपा, मंच से लगाए गंभीर आरोप







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे के खिलाफ भाजपा ने सोमवार को प्रदर्शन किया। महिला डीएफओ नेहा श्रीवास्तव से 3 लाख रुपए मांगने का आरोप विधायक पर लगा है।

भाजपा के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। अंबेडकर चौक में धरना प्रदर्शन किया गया। विधायक अनुभा मुंजारे, उनके बेटे शांतनु मुंजारे, भतीजे निराला और विधायक प्रतिनिधि अबु शाह पर अधिकारियों और ठेकेदारों से पैसे की वसूली का आरोप लगाया गया।

ओबीसी आयोग सदस्य मौसम हरिनखेड़े ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। इसमें विधायक अनुभा मुंजारे को पद से बर्खास्त करने और वसूली मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

पूर्व मंत्री और भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने मुंजारे दंपती पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि विधायक के पास 55 लाख की फॉर्च्यूनर कार और मानेगांव, टेकाड़ी और कुम्हारी में जमीन किस पैसे से आई। विधायक राजकुमार कर्राहे ने मामले की सीबीआई जांच की मांग की। आंदोलन के बाद भाजपा ने एसडीएम गोपाल सोनी और सीएसपी वैशाली सिंह कराहलिया को ज्ञापन सौंपा।

यह विरोध प्रदर्शन विधायक अनुभा द्वारा पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन और आयोग सदस्य मौसम हरिनखेड़े पर षड्यंत्र के आरोप लगाने के बाद किया गया।

## सोसायटियों में कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की 126 सोसायटियों में कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इससे किसानों को फर्टिलाइजर, ऋण और गरीबों को पीडीएस वितरण की सेवाएं बंद हो गई हैं।

सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के बैनर तले सोमवार से कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू की है। कर्मचारी जनपद पंचायत के पास धरना स्थल पर प्रदर्शन करेंगे।

कर्मचारियों की प्रमुख मांगें हैं - 60% संस्था कर्मचारियों को प्रबंधक पद पर पदोन्नति, विक्रेताओं को 3000 रुपए मानदेय और सोसायटियों को प्रति वर्ष 3 लाख रुपए का प्रबंधकीय अनुदान।

कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष पी.सी. चौहान के अनुसार, पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान का भुगतान 1600 से अधिक किसानों को नहीं मिला है। सोसायटियों के अनुदान से 6 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा कराई गई, जो अभी तक वापस नहीं की गई है। हड़ताल 24 सितंबर तक चलेगी। 15 सितंबर को मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में रैली निकाली जाएगी। मांगें न मानने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के महाप्रबंधक पी. जोशी ने कहा कि कर्मचारियों को प्रबंधक पद पर चयनित करने की प्रक्रिया पूरे प्रदेश में जल्द ही पूरी कर ली जाएगी।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया वन्यजीव संरक्षण जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वन परिक्षेत्र लौगुर सामान्य के अंतर्गत 7 सितम्बर को वनग्राम लौगुर में, गौरव चौधरी वन संरक्षक वन वृत बालाघाट एंव अधर गुप्ता वन मंडल अधिकारी दक्षिण सा. वन मंडल बालाघाट के उत्कृष्ट मार्गदर्शन में, तथा श्रीमति विनीता फूलबेल उप वन मंडल अधिकारी बालाघाट सा. की उपस्थित में, विवेक सिंह बघेल वन परिक्षेत्र अधिकारी लौगुर सा. सह टीम के द्वारा स्थानीय प्रतिभा शाली कलाकारों के माध्यम से मानव -वन्यजीव संघर्ष में आत्मरक्षा हेतु जन जागरूकता एवं वन्यजीव संरक्षण की दृष्टिकोण से नुक्कड़ नाटक का सजीव चित्रण स्थानीय समुदाय और संयुक्त प्रबंधन समिति सदस्यों के बीच किया गया( वन्यजीवों और मनुष्यों के टकराव को रोकने के प्रयास से, आमने-सामने होने पर क्या करें (खड़े रहें, शोर मचाएं, पीछे हटें), क्या न करें (दौड़ें नहीं, खिलाएं नहीं), और बचाव के तरीके (कचरा न फैलाएं, बाड़ लगाएं, रोशनी और शोर का उपयोग) को छोटे-छोटे दृश्यों और संवादों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया ,कार्यक्रम के अंत में वन्यजीवों के साथ सह-अस्तित्व बनाए रखने में विशेष योगदान देने वाले बाघ मित्रों को टी शर्ट वितरण तथा वन्य जीवों की सुरक्षा का संकल्प के साथ समापन किया गया।



## कलेक्टर ने टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 08 सितम्बर को टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम जिले में उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने उपसंचालक कृषि, सहायक संचालक उद्यान एवं मत्स्योद्योग को निर्देशित किया कि वे जिले में कार्यरत किसान संगठनो के प्रतिनिधियो के साथ बैठक कर किसानो की समस्याओं को सुने और उनका निराकरण करने के लिए कार्यवाही करें। उन्होंने जिले में कोदो-कुटकी की फसल गिरदावरी के लिए राजस्व एवं कृषि विभाग के आकड़ों का मिलान करने एवं इसमें अंतर पाए जाने पर गलत जानकारी देने के लिए जिम्मेदार अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपसंचालक कृषि श्री मालवीय ने बताया कि वर्तमान समय में जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है और इसकी कोई कमी नही है। वर्तमान में 1698 मीट्रिक टन यूरिया जिले की सहकारी समितियों और डबल लॉक केंद्रो में उपलब्ध है। डबल लॉक केंद्रो में निजी विक्रेताओं द्वारा स्टॉल लगाकर उर्वरक का विक्रय किया जा रहा है। 09 सितम्बर की सुबह तक एनएफएल कम्पनी का 1700 मीट्रिक टन यूरिया लेकर मालगाड़ी बालाघाट पहुंचने वाली है।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया कि शालाओं में शिक्षको की शत प्रतिशत ई-अटेंडेंस सुनिश्चित की जाए। सभी शिक्षकों की ई-अटेंडेंस हमारे शिक्षक एप्प पर अनिवार्य रूप से होना चाहिए। जिन शिक्षको द्वारा ई-अटेंडेंस नही लगायी जा रही है उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। शत प्रतिशत ई-अटेंडेंस नही पाए जाने पर संबंधित बीआरसी एवं खंड शिक्षा अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की चेतावनी दी गई। इस दौरान सर्व शिक्षा अभियान के परियोजना समन्वयक को सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण में गलत तरीके से की गई भुगतान की राशि शीघ्र वसूल करने एवं इसकी जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए। बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि बिरवा हवाई पट्टी के चारो ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र शासन को प्रस्तुत करें।

### सांसद खेल महोत्सव में शामिल होने खिलाड़ियों को 20 सितंबर तक कराना होगा पंजीयन

**बालाघाट।** फिट युवा फार विकसित भारतऱ के अंतर्गत जिले में भी सांसद खेल महोत्सव का आयोजन होना है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए खिलाड़ी और टीम 20 सितंबर तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए क्यू आर कोड दिया गया है। इस कोड को स्केन करने पर सांसद खेल महोत्सव के पंजीयन के लिए एक वेबसाइट खुल जाती है। इस वेवसाईट पर चाही गई सभी जानकारी भर कर खिलाड़ी और टीम अपना पंजीयन करा सकते हैं। बालाघाट जिले के विभिन्न खेल विधा के खिलाड़ियों से अपील की गई है कि वे दिए गए क्यू आर कोड को स्केन कर अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीयन कराएं।

### एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान अंतर्गत रेड रन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** नेशनल एड्स कन्ट्रोल आर्गनाइजेश (NACO), मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल (MPSACS) एवं जिला एड्स नियंत्रण समिति बालाघाट के निर्देशानुसार 08 सितम्बर को शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में संचालित रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान अंतर्गत रेड रन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एसएस गेड़ाम के मार्गदर्शन एवं श्री कृष्णा पराते रेड रिबन क्लब प्रभारी के नेतृत्व तथा एनएसएस एवं रेड रिबल क्लब के सदस्यों के सहयोग से आयोजित किया गया। एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान अंतर्गत रेड रन प्रतियोगिता का उद्देश्य एचआईवी ग्रस्त लोगो को उनके अधिकारो, सूरक्षा एवं समावेशिता को बढ़ावा देने तथा उनके साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त करने और एचआईवी से बचाव व रोकथाम के लिए समाज एवं युवा वर्ग में जागरूकता लाना है। रेड रिबन क्लब सदस्यों के सहयोग एवं इस प्रतियोगिता के माध्यम से एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता के लिए महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं तथा सामान्य जनों को प्रेरित करने के लिए संकल्प लिया गया तथा जागरूकता अभियान को डिजिटल प्लेटफार्म एवं सोसल मिडिया का उपयोग कर जागरूकता अभियान में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित किये जाने के लिए अभियान में उपस्थित सभी 62 सदस्यों को प्रेरित किया गया। रेड रन प्रतियोगिता की शुरूआत एचआईवी एड्स से संबंधित नारो के साथ प्रारंभ की गयी, जिसमें लगभग 43 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी स्कूल भानेगांव में मनाया गया शिक्षक दिवस




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भानेगांव में संचालित कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी स्कूल भानेगांव में छात्र-छात्राओं द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस 8 सितंबर को मनाया गया, जिसमें विद्यालय के संरक्षक पी.एस. कुथे सेवानिवृत प्रधान पाठक द्वारा मां सरस्वती व डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं कुथे जी ने अपने उद्बोधन में शिक्षक की एवं छात्र जीवन व व्यक्तित्व के निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला। संस्था के संचालक श्री महेंद्र कुथे द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन के बारे में बताया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों को तिलक वंदन कर उपहार भेंट किया। इस दौरान संस्था प्रभारी कुमारी नेहा भागड़कर, रोशनी ठाकरे, जागृति अनमोले, पूर्णिमा चौधरी, सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभाशीष प्रदान किया।

## वन्य प्राणी जागरूकता अभियान के तहत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम






हरिभूमि न्यूज उकवा।

मुख्य वन संरक्षक वन वृत बालाघाट के निर्देशन तथा वन मंडल अधिकारी उत्तर बालाघाट सामान्य श्रीमती नेहा श्रीवास्तव के एवं श्री तरुण कुमार डेहरिया उपवनमंडल अधिकारी उकवा सामान्य के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र दक्षिण उकवा के अंतर्गत वन प्राणी जागरूकता अभियान के तहत ग्राम सोनगुड्डा में एक संगीतमय जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया इसमें वाद्य यंत्रों के माध्यम से पर्यावरण तथा वन प्राणियों को बचाने हेतु बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दी गई। आपको बता दें कि वर्तमान में वन परिक्षेत्र अधिकारी आशुतोष सिंह एवं उसकी टीम दूरस्थ अंचल के ग्रामों में वन एवं वन्य प्राणी को बचाने के लिए संदेश दे रहे हैं चर्चा में श्री सिंह द्वारा बताया गया कि जब भी हमें वन्य प्राणी जैसे बाघ या तेंदुआ दिखाई देता है और हम लोग अपनी मवेशी जंगल में चराने ले जाते हैं। तो प्रायः देखा गया है कि जितनी मौतें बाघ या तेंदुआ के मरने से होती है उसमें से 80% मौतें ऐसी होती है जो अपने मवेशी को बाघ या तेंदुआ के हमले से बचते हैं शासन की योजना अंतर्गत यदि आपकी मवेशी को वन्यप्राणी बाघ या तेंदुआ द्वारा मार लिया जाता है तो उसका क्षतिपूर्ति राशि शासन द्वारा प्रदान की जाती है इसलिए यदि कोई वन्यप्राणी आपके मवेशी पर हमला करता है तो उसे करने दीजिए और खाने दीजिए मौके में अपने मवेशी को बचाने के लिए बिल्कुल भी ना जाए वन एवं वन्य प्राणी राष्ट्र की धरोहर है और इसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। संगीत के माध्यम से पर्यावरण एवं वन प्राणियों का हमारे जीवन में क्या संबंध है इसे बहुत ही अच्छे तरीके से बताया गया।

### जय जय बजरंग बली गीत पर श्रोता हुए बेकाबू

## भजन संध्या में जमकर झूमे विधायक विवेक पटेल व पूर्व विधायक जायसवाल



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

गणेशोत्सव के अवसर पर वार्ड नंबर 7 बाल गणेश उत्सव समिति वारासिवनी के तत्वावधान में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें वारासिवनी के प्रसिद्ध गायक आदित्य खजांची एवं टीम द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान श्याम बाबा के भजन तीन बाण के धारी बाण चलाओ ना, जय जय बजरंगबली और माता काली और भगवान भोलेनाथ की मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति दी गई। इन गीतों पर भक्त गण नृत्य करने से अपने आप रोक नहीं पाए।

इस भजन संध्या के अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच के जिला अध्यक्ष जावेद अली, सुदेश सोनी, पूर्व पार्षद सुनील सोनू जायसवाल, सुभाष पारधी, संदेश बिसेन आदि ने भगवान श्रीगणेश के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इन सभी जनप्रतिनिधियों का समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत कर उन्हें भेंट दी गई। कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों पर विधायक विवेक विक्की पटेल और पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल भी अपने आप को नृत्य करने से नहीं रोक पाये और समिति सदस्यों लोकेश ठाकरे, पूर्व पार्षद पप्पू लालवानी, हरेश सचदेवा, जय कुमार आहूजा व भक्तों के साथ जमकर नृत्य किया।

कार्यक्रम की शुरुआत श्रीगणेश जी के दरबार में जय जय बजरंगबली गीत के साथ की गई। उसके बाद आदित्य खजांची और उनकी टीम ने एक से बढक़र धार्मिक गीतों को सुना कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस भजन संध्या में गायक आदित्य खजांची, अफरोज अली, गायिका सपना चौहान रामपायली, ऑक्टोपैड पर पीयूष शुक्ला, कीबोर्ड पर अजय ढोलक, आशीष गोंडाने, पंजाबी ढोल हिमांशु निर्मल ने अपनी कला का जौहर प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम को आयोजित करवाने में समिति की ओर से राकेश पप्पू लालवानी, हरेश सचदेवा, लोकेश ठाकरे, विमित बाबू लालवानी, मनीष ब्रम्हे, सोम हनवत, हर्ष लालवानी, यश बोकडे, लक्ष्मीकांत कटरे, सुधांशु देव्हारे, करन वाधवानी, नरेश सोनेकर, प्रकाश नागवंशी, नमन, अभिनव, समर, गौरव, यश एवं समस्त समिति सदस्य का सराहनीय योगदान रहा।

## टटेकसा में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन एवं निशुल्क कोचिंग क्लासेस का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम टटेकसा में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर समाजसेवी जितेन्द्र रविना गौतम के अटूट प्रयासो से ग्राम में केरियर मार्गदर्शन संस्कार निशुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया है एंव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम प्रमुख रूप से क्षेत्र विधायक गौरव सिंह पारधी एंव राष्ट्रीय कवि सुदीप भोला के प्रमुख आतिथ्य में संपन्न हुआ ।बताया गया की संचालक टीम का मुख्य उद्देश्य है कि समाज में सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक विकास कैसे किया जाए इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संचालक समिति के द्वारा होनहार बच्चो को निशुल्क शैक्षणिक सेवा व मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा ताकि बच्चो का भविष्य उज्जवल बन सके । साथ ही गांव का गौरव सम्मान 2025 का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सौरभ पिता संजीव अगासे माता सविता अगासे को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होने पर उन्हें सम्मानित किया गया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से कटंगी खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी, राष्ट्रीय कवि सुदीप भोला , डा.पुरुषोत्तम देशमुख, सरपंच संघ अध्यक्ष पुष्पेद्र देशमुख, ताराचंद नागरीकर, जितेन्द्र गौतम ,निशुल्क कोचिंग क्लासेस की संचालक शिक्षक रविना जितेन्द्र गौतम, तेरस ठाकरे, महेन्द्र आमाडारे, रामेश्वर भगत, व ग्रामीण रविंद्र सोनवाने, राजेंद्र माहनकर, योगेश साहू, सुनील अगासे, अनिल अगासे, कृष्ण नगरीकर, परशुराम पटले, अनिल बोरकर,जयप्रकाश मेश्राम, भावजी चन्ने, माया कंटगकार, रवीना गौतम, जितेंद्र गौतम, अरुण गौतम, पुरुषोत्तम देशमुख, पवन पटले सहित अन्य सामाजिक प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।